# बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम

( बिहार सरकार का उपक्रम )

**कौटिल्य नगर, पटना–14.**

**रंजन कुमार सिन्हा**
भा0प्र0से(से0नि0)
**स चि व**

दूरभाष (कार्यालय) : 0612-2223727
मोबाईल नं0 : 9471006810
ई–मेल : policenigam@bihar.gov.in

**संचिका सं0–A/C-1156/09-10** **पटना, दिनांक–...............2024**

## सूचना

निम्न वर्गीय लिपिक के पद पर प्रोन्नति हेतु निगम के नियमित परिचारियों द्वारा अनुरोध किया जा रहा है।

2. सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार की अधिसूचना सं0–19231 दिनांक–26.10.2022 के द्वारा "बिहार समाहरणालय लिपिकीय संवर्ग (भर्त्ती एवं सेवा शर्तें) (संशोधन) नियमावली, 2022" गठित है। उक्त नियमावली की कंडिका–2 निम्नवत है:–

2. बिहार समाहरणालय लिपिकीय संवर्ग (भर्ती एवं सेवा शर्तें) नियमावली, 2011 के नियम–5 के उपनियम (1) का प्रतिस्थापन। – उक्त नियमावली के नियम 5 के उपनियम (1) को निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जाता है –

*"निम्नवर्गीय लिपिक के 85% पद सीधी भर्ती से भरे जायेंगे और 15% पद समूह 'घ' के वैसे कर्मी जो लिपिक के पद पर नियुक्ति की अहर्ता रखते हो से, बिना किसी परीक्षा के, वरीयता क्रम में, भरे जायेंगे।*

*ऐसे सरकारी सेवक जिनकी सेवाकाल में मृत्यु हो गई हो, के आश्रितों की, सीधी भर्ती हेतु उपलब्ध रिक्त पदों के विरुद्ध अपेक्षित मापदण्ड पूरा करने पर, अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति हेतु विचार किया जा सकेगा, जिसके लिये आयोग की अनुशंसा अपेक्षित नहीं होगी।*

*परन्तु सेवाकल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों की नियुक्ति के उपरान्त, प्रत्येक कैलेण्डर वर्ष की शेष रिक्तियों के लिए अधियाचना आयोग को उस कैलेण्डर वर्ष के दिसम्बर माह तक भेजी जाएगी।"*

3. समूह 'घ' से समूह 'ग' में प्रोन्नति हेतु अर्हता के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार की अधिसूचना सं0–16103 दिनांक–18.12.2017 के द्वारा गठित बिहार समाहरणालय लिपिकीय संवर्ग (भर्त्ती एवं सेवा शर्तें) (संशोधन) नियमावली, 2017 की कंडिका–2 निम्नवत है:–

2. बिहार समाहरणालय लिपिकीय संवर्ग (भर्ती एवं सेवा शर्ते) नियमावली, 2011 (समय–समय पर यथा संशोधित) के नियम 8 का प्रतिस्थापन।– उक्त नियमावली, 2011 के नियम–8 को निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जायेगा:–

"8. प्रोन्नति द्वारा भर्ती।–(i) नियुक्ति प्राधिकार इण्टरमीडिएट अथवा समकक्ष उत्तीर्ण समूह 'घ' कर्मचारियों की वरीयता सूची तैयार करेगा।

(ii) समूह 'घ' से 'ग' में प्रोन्नति, वरीयतानुसार विभागीय प्रोन्नति समिति की अनुशंसा पर दी जायेगी, परन्तु इस प्रकार से प्रोन्नत निम्नवर्गीय लिपिकों को प्रथम वेतन वृद्धि के उपरांत अगली वेतन वृद्धि तब तक देय नहीं होगी, जब तक की उनके द्वारा कम्प्यूटर सक्षमता परीक्षा एवं हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूपण परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर लिया जाय। उक्त परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरान्त ही निम्नर्गीय लिपिक के पद पर उनकी सेवा सम्पुष्ट की जा सकेगी।"

4. बिहार समाहरणालय लिपिकीय संवर्ग (भर्त्ती एवं सेवा शर्तें) (संशोधन) नियमावली, 2022 की कंडिका–2 एवं बिहार समाहरणालय लिपिकीय संवर्ग (भर्त्ती एवं सेवा शर्तें) (संशोधन) नियमावली, 2017 की कंडिका–2 के आलोक में निगम में निम्न वर्गीय लिपिक के स्वीकृत पद 32 में से 15% पद 4.8 अर्थात 5 पद पर निगम में कार्यरत नियमित परिचारियों की प्रोन्नति एवं इस हेतु कार्यरत नियमित परिचारियों की वरीयता सूची निर्धारण की कार्रवाई की जा रही है।

5. इस प्रयोजनार्थ निगम में कार्यरत नियमित परिचारियों का उनके द्वारा समर्पित शैक्षणिक योग्यता तथा उनके योगदान की तिथि के आधार पर तैयार निम्नांकित सूची निगम के वेबसाईट तथा निगम मुख्यालय एवं प्रमण्डलीय कार्यालयों के सूचना पट्ट पर प्रकाशित कर, इस पर योगदान की तिथि, जन्म तिथि, शैक्षणिक योग्यता इत्यादि पर आपत्ति, अगर हो तो, दिनांक–20.02.2024 तक आमंत्रित की जाती है:–

**निगम में कार्यरत नियमित परिचारियों की सूची**

| क0 सं0 | नाम | जन्म तिथि | योगदान की तिथि | नियुक्त कर्मी का आरक्षण वर्ग | शैक्षणिक योग्यता | अतिरिक्त योग्यता | वर्तमान पदस्थापन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री आशीष कुमार दत्ता | 11.01.1965. | 07.06.1991. | अनारक्षित | बी0ए0 उर्तीण सेवापुस्त में अंकित है एवं संचिका में कोई भी प्रमाण पत्र रक्षित नहीं है। | नहीं है | विद्युत प्रमण्डल |
| 2 | श्री सुभाषित कुमार | 10.03.1971. | 12.05.1989. | पि0व0 | माध्यमिक परिक्षा उर्तीण। (matric ) | नहीं है | पटना प्रमण्डल |
| 3 | श्री रामबली प्रसाद | 02.01.1967. | 13.03.2010. | पि0व0 | अष्टम उर्तीण। | नहीं है | लेखा शाखा, मुख्यालय |
| 4 | श्री अजय कुमार पासवान | 11.03.1975. | 01.01.2016. | अनु0जाति | इंटरमीडिएट उर्तीण | नहीं है | संरचना शाखा, मुख्यालय |
| 5 | श्री कर्मवीर कुमार | 05.05.1979. | 01.01.2016. | पि0व0 | माध्यमिक परिक्षा उर्तीण। (matric ) | नहीं है। | लेखा शाखा, मुख्यालय |
| 6 | श्री सितेश कुमार | 14.02.1984. | 01.01.2016. | अनारक्षित | इंटरमीडिएट उर्तीण | नहीं है | राजगीर प्रमण्डल |
| 7 | श्री पंकज कुमार | 08.04.1984. | 01.01.2016. | अनु0जाति | इंटरमीडिएट उर्तीण | नहीं है | मुख्य अभियन्ता कोषांग, मुख्यालय। |
| 8 | श्री गणेश कुमार | 10.01.1985. | 01.01.2016. | अ0पि0व0 | माध्यमिक परिक्षा उर्तीण। (matric ) | नहीं है | सी0एम0डी कोषांग, मुख्यलय |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | श्री सुनील कुमार | 15.02.1986. | 01.01.2016. | पि0व0 | मध्यमा उर्तीण। equavalent to matric | नहीं है | मुख्यालय |
| 10 | श्री कुणाल कुमार | 15.04.1986. | 01.01.2016. | अनारक्षित | Master of computer application | नहीं है | मुज0 प्रमण्डल |
| 11 | श्री अभिषेक कुमार | 22.09.1988. | 01.01.2016. | पि0व0 | स्नातकोत्तर उर्तीण (MA) | नहीं है | वास्तु शाखा मुख्यालय। |
| 12 | श्री शंकर कुमार चौधरी | 11.11.1988. | 01.01.2016. | अनारक्षित | स्नातक उर्तीण (BA) | DCA | भण्डार शाखा, मुख्यालय |
| 13 | श्री राकेश कुमार सिन्हा | 15.11.1988. | 01.01.2016. | अनारक्षित | स्नातक उर्तीण (BA) | नहीं है | भागलपुर प्रमण्डल |
| 14 | श्री निकेश कुमार प्रसाद | 15.01.1989. | 01.01.2016. | अ0पि0व0 | स्नातक उर्तीण (BA) | नहीं है | दरभंगा प्रमण्डल |
| 15 | श्रीमती सुमन कुमारी पाण्डेय | 10.10.1991. | 01.01.2016. | अनारक्षित | स्नातक उर्तीण (BCOM) | नहीं है | आगत–निर्गत शाख्रा, मुख्यालय |
| 16 | श्री प्रकाश कुमार सिंह | 12.10.1991. | 01.01.2016. | अनारक्षित | इंटरमीडिएट उर्तीण | नहीं है | मुख्य अभियन्ता कोषांग, मुख्यालय। |
| 17 | श्री भोला कुमार | 11.11.1991. | 01.01.2016. | अनारक्षित | मैट्रीक उनुर्त्तीण (नवम वर्ग में पढ़ता था बिद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र में अंकित है।) | नहीं है | मगध प्रमण्डल |
| 18 | श्री अविकाश कुमार | 01.02.1993. | 01.01.2016. | अनारक्षित | इंटरमीडिएट उर्तीण | Diploma in financial accountancy of 9 month | लेखा शाखा, मुख्यालय |
| 19 | श्री डोमन उरॉव | 01.10.1995. | 01.01.2016. | अनु0 जनजाति | माध्यमिक परिक्षा उर्तीण। (matric) | नहीं है। | अधीक्षण अभियन्ता कार्य अंचल–2, मुख्यालय |
| 20 | श्री चंदन कुमार | 14.04.1984. | 28.12.2016. | अनारक्षित | माध्यमिक परिक्षा उर्तीण। (matric) | नहीं है। | विद्युत प्रमण्डल |
| 21 | श्री विक्की कुमार | 21.08.1987. | 28.12.2016. | पि0व0 | अष्टम उर्तीण। | नहीं है। | पूर्णियॉ प्रमण्डल |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 22 | श्री आशीष उरॉव | 31.01.1994. | 28.12.2016. | अनु0 जनजाति | स्नातक उत्तीण (BA) | नहीं है। | मुख्य अभियन्ता कोषांग, मुख्यालय। |
| 23 | श्री कृष्णा कुमार | 02.09.1996. | 28.12.2016. | पि0व0 | इंटरमीडिएट उत्तीण | नहीं है। | लेखा शाखा मुख्यालय |
| 24 | श्री आनंद कामती | 27.04.1997. | 28.12.2016. | अ0पि0व0 | मैट्रीक उनुत्तीण | नहीं है। | गुण नियंत्रण प्रयोगशाला मुख्यालय |
| 25 | श्रीमती रत्नाप्रिया कुमारी | 25.02.1985. | 05.12.2018. | अनु0 जाति | इंटरमीडिएट उत्तीण | Typing Certificate | लेखा शाखा, मुख्यालय |

6. उपर्युक्त सूची के क्रमांक–4 से 19, 16 परिचारियों के द्वारा एक ही तिथि 01.01.2016 तथा क्रमांक–20 से 24, 05 परिचारी के द्वारा एक ही तिथि 28.12.2016 को योगदान दिया गया है। इनमें निम्न वर्गीय लिपिक के पद पर प्रोन्नति हेतु, इन्टरमीडिएट अथवा समकक्ष उत्तीर्ण अर्हता प्राप्त कर्मियों की वरीयता का निर्धारण कार्मिक विभाग, बिहार सरकार के परिपत्र सं0–15784 दिनांक–26.08.1972 की कंडिका–3 (iv) (ग) के आलोक में उनकी जन्म तिथि के आधार पर किया जायेगा।

**पुलिस महानिदेशक सह–अध्यक्ष–सह–प्रबन्ध निदेशक के आदेश से,**

ह0/–

**सचिव ।**

**ज्ञापांक** HS210 ./ **पटना, दिनांक** – 20/11 **2024**

**प्रतिलिपिः**– मुख्य अभियन्ता/अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल 2/कार्यपालक अभियंता, गुणनियंत्रण, बी0ओ0क्यू0/मुख्य लेखा पदाधिकारी/वास्तुविद/संरचना परामर्शी/विद्युत परामर्शी एवं पुलिस महानिदेशक सह–अध्यक्ष–सह–प्रबन्ध निदेशक के निजी सहायक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है, अपने शाखा में पदस्थापित नियमित परिचारियों को उपर्युक्त सूचना से अवगत करा दें।

**2.** सभी कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमण्डल, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है, सूचना को प्रमण्डल के सूचना पट्ट पर display कर, अपने प्रमण्डल में पदस्थापित नियमित परिचारियों को उपर्युक्त सूचना से अवगत करा दें।

**3.** श्री जितेन्द्र गिरि, निजी सहायक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम को निगम के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित। साथ ही, श्री गिरि उपर्युक्त सूचना निगम मुख्यालय में स्थिति सभी सूचना पट्ट पर display कराना सुनिश्चित करेंगे।

**सचिव ।**